राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–300/2023

राज्यपाल ने सिलक्यारा सुरंग में फँसे मजदूरों के बाहर आने पर खुशी व्यक्त की

पटना, 28 नवम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी–यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगाँव तक निर्माणाधीन सुरंग में फँसे 41 मजदूरों के सकुशल बाहर आ जाने पर संतोष और खुशी व्यक्त की है।

उन्होंने कहा है कि इस ऑपरेशन में लगे सभी लोगों के अथक परिश्रम, सुरंग में फँसे मजदूरों के धैर्य एवं हिम्मत तथा उनके परिजनों एवं देशवासियों की दुआओं से ऐसा संभव हो सका है। उन्होंने इस कार्य हेतु असाधारण और अविस्मरणीय प्रयास के लिए केन्द्र एवं उत्तराखंड सरकार को साधुवाद दिया है।

....